आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.03.2026 समय : 1905

- भारतीय विमानन कम्पनी खाड़ी क्षेत्र में फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए आज अट्ठावन उड़ान संचालित कर रही है।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत विश्व के लिए विश्वसनीय डिजिटल सेतु बना रहा है।
- रंगों का त्योहार होली पूरे देश के साथ–साथ द्वीप समूह में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।
- समाज कल्याण निदेशालय द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत क्षमता निर्माण तथा अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमान कंपनियां आज अट्ठावन उड़ानें संचालित कर रही है। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है इनमें इंडिगो की 30 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस की 23 उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति के कारण भारतीय विमानन कंपनियों की एक हजार दो सौ 21 और विदेशी एयरलाइंस की तीन सौ अठासी उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। यात्रियों को हवाई अड्डा पहुंचने से पहले संबंधित विमानन कंपनी से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत न केवल अपने 140 करोड़ नागरिकों के लिए नेटवर्क का निर्माण कर रहा है, बल्कि विश्व के लिए विश्वसनीय डिजिटल सेतु भी बना रहा है। श्री सिंधिया ने यह बात स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में भारत पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कही। श्री सिंधिया ने कहा कि पवेलियन में भारतीय नवप्रवर्तकों की मजबूत उपस्थिति सुरक्षित नेटवर्क के निर्माण, एआई–आधारित दूरसंचार अवसंरचना, विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने तथा विश्व स्तर पर दूरसंचार निर्यात का विस्तार करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–मंडल न्यायालय परिसर, डिगलीपुर तथा कैंपबेल बे के सर्किट न्यायालय में एक साथ आयोजित की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा जारी सूचना के अनुसार विभिन्न न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों के अतिरिक्त वाद दायर होने से पूर्व के विवादों की भी सुनवाई की जाएगी। लोक अदालत में धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल संबंधी प्रकरण, भरण–पोषण से संबंधित मामलों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों को शामिल किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने विवाद 6 मार्च से पूर्व पोर्ट ब्लेयर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सके।

<><><><><><><>

रंगों का त्योहार होली, आज पूरे देश के साथ–साथ द्वीप समूह में भी मनाई जा रही है। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग एक–दूसरे को रंग लगाते हैं, शुभकामनाएँ देते हैं और मिठाइयां बांटते हैं। द्वीप समूह में भी लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आज कार्बाइन्स कोव तट पर होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई।

<><><><><><><>

मायाबंदर के डॉ. आर. पी. अस्पताल की ऑपरेशन थिएटर टीम ने हाल ही में लगातार कई इमरजेंसी सर्जरी कीं, जिसमें गंभीर मातृत्व मामलों में तुरंत प्रतिक्रिया और समर्पित टीमवर्क का प्रदर्शन किया। पहले मामले में डिगलीपुर से रेफर किए गए एक मरीज के लिए इमरजेंसी लोअर सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन शामिल था। समय पर चिकित्सीय सहायता मिलने से बच्चे और माँ दोनों की जान बचाई जा सकी। इसी तरह के दो अन्य मामलों में भी मरीज़ों की हालत बहुत गंभीर थी, और उनकी जान बचाने के लिए तुरंत सर्जरी की गई। OT टीम को गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. मीनाक्षी सी.के. और एनेस्थेटिस्ट डॉ. होसाना शेरोन ने लीड किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत राज्य बाल संरक्षण सोसायटी द्वारा 'मिशन वात्सल्य' के तहत द्वीपों में बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ करने एवं संबंधित हितधारकों की क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से क्षमता निर्माण एवं अभिविन्यास – कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'मिशन वात्सल्य' भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों तथा विधि के साथ संघर्षरत बच्चों के लिए संस्थागत एवं गैर–संस्थागत सेवाओं तथा डिजिटल निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ कर उनकी देखभाल, संरक्षण, विकास एवं पुनर्वास सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक रविंदर कुमार ने प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता, समन्वित कार्यप्रणाली और सटीक प्रतिवेदन पर बल दिया। मिशन वात्सल्य के नोडल अधिकारी ने समयबद्ध आंकड़ा प्रबंधन, उचित दस्तावेजीकरण और जवाबदेही के महत्व को रेखांकित किया। योजना पर विषयगत संत्र पूर्व नोडल अधिकारी रीता देवी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान के नमूनाघर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में 'खाद्य पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन ग्रामोदय ग्राम संगठन द्वारा, दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामुदायिक विकास खंड फरारगंज के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण, निवारक स्वास्थ्य सेवाओं एवं चल रही सरकारी स्वास्थ्य पहलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसमें विशेष रूप से अनीमिया जांच तथा जागरूकता, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा दंत स्वास्थ्य शिविर पर ध्यान केंद्रित किया गया। चिकित्सकीय दल में डॉ. शाहीना, डॉ. अलका तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुशीला शामिल थीं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, अनीमिया पर परामर्श और दंत परीक्षण किए। समुदाय के सदस्यों को संतुलित आहार, स्वच्छता, मौखिक स्वास्थ्य देखभाल और निवारक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, ग्राम संगठन प्रतिनिधियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान तथा आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान की गई।

<><><><><><><>

चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान में विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर 'औषधीय एवं सुगंधित पौधे स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण' विषय पर जागरूकता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर विभिन्न औषधीय पौधों को निकटवर्ती दुकानों एवं डाइविंग केंद्रों को वितरित किए गए। प्रतिभागियों को पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत आजीविका में इन पौधों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग सह नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता (सीजन–4) का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट मार्च 2026 के दूसरे सप्ताह में पोर्ट मोट क्रिकेट ग्राउंड तथा नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों एवं निजी युवा क्लबों की टीमों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क पच्चीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>